>

Title: Need to start direct train from Jammu to Haridwar and requests to construct double railway line from Jullunder to Jammu.

वैद्य विष्णु दत्त (जम्मू): जम्मू-कश्मीर में टयूरिज्म सबसे बड़ा उद्योग है। जम्मू-कश्मीर में प्रतिवर्ष ६० से ७० लाख के करीब यात्री आते हैं, उनमें से ५५ लाख के करीब यात्री वैष्णो देवी और अमरनाथ यात्रा के लिए जाते हैं। इन सब यात्रियों की इच्छा रहती है कि वे वापसी में हरिद्वार होकर जाएं।

मैंने इतनी बार प्रार्थना की है कि जम्मू से लेकर हरिद्वार तक एक सीधी रेलगाड़ी प्रारम्भ की जाए जो यात्रियों की इस मंशा को पूरी कर सके। इसके अलावा मेरी प्रार्थना है कि जालंधर से लेकर जम्मू तक रेलवे लाइन को दोहरी रेलवे लाइन बनाया जाए ताकि वहां जों रेलें लेट पहुंचती हैं, वे समय पर पहुंच सकें।